
## UPSC : सिविल सेवा परीक्षा



## UPSC : सिविल सेवा परीक्षा

**प्रारंभिक परीक्षा**

सामान्य अध्ययन - I (200 अंक / 2 घण्टा)
सामान्य अध्ययन - II (200 अंक / 2 घण्टा)
(केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक)

**मुख्य परीक्षा**

A. सामान्य अध्ययन - 1000 अंक
- सामान्य अध्ययन - I (250 Mark 3Hrs.)
- सामान्य अध्ययन - II (250 Mark 3Hrs.)
- सामान्य अध्ययन - III (250 Mark 3Hrs.)
- सामान्य अध्ययन - IV (250 Mark 3Hrs.)

B. वैकल्पिक विषय - 500 अंक
- वैकल्पिक विषय प्रश्नपत्र - I (250 Mark 3Hrs.)
- वैकल्पिक विषय प्रश्नपत्र - II (250 Mark 3Hrs.)

C. निबंध (250 Mark 3Hrs.)

D. अनिवार्य विषय - 600 अंक
(केवल उत्तीर्ण होना आवश्यक)
- अनिवार्य : अंग्रेजी (300 Mark 3Hrs.)
- अनिवार्य : भारतीय भाषा (300 Mark 3Hrs.)

**साक्षात्कार**

275 अंक

## सिविल सेवा मुख्य परीक्षा - सामान्य अध्ययन

**सा. अध्ययन-I (250 Marks 3 hrs.)**
- भारतीय विरासत और संस्कृति, विश्व का इतिहास
- भारतीय समाज
- भारत एवं विश्व का भूगोल

**सा. अध्ययन-II (250 Marks 3 hrs.)**
- शासन व्यवस्था, संविधान एवं शासन प्रणाली
- सामाजिक न्याय
- अंतर्राष्ट्रीय संबंध

**सा. अध्ययन-III (250 Marks 3 hrs.)**
- आर्थिक विकास से संबंधित मुद्दे
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
- जैव-विविधता, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित मुद्दे
- आंतरिक सुरक्षा

**सा. अध्ययन-IV (250 Marks 3 hrs.)**

नीतिशास्त्र, सत्यनिष्ठा एवं अभिरूचि

## GENERAL STUDIES PAPER-I

# INDIAN SOCIETY

by

**Dr. S. S. Pandey**

## Indian Society (UPSC : Syllabus)

- भारतीय समाज की मुख्य विशेषताएँ
  Salient features of Indian Society
- भारत की विविधता
  Diversity of India
- महिला एवं महिला संगठन की भूमिका
  Role of Women and women's organization
- जनसंख्या संबंधी मुद्दे
  Population and Associated Issues
- गरीबी एवं विकास संबंधी मुद्दे
  Poverty and Developmental Issues
- शहरीकरण, उनकी समस्याएँ एवं उनके उपाय
  Urbanization, their problems and their remedies
- वैश्वीकरण का भारतीय समाज पर प्रभाव
  Effects of Globalization on Indian Society
- सामाजिक सशक्तिकरण, सांप्रदायिकता, क्षेत्रवाद और धर्मनिरपेक्षता
  Social empowerment, communalism, regionalism & secularism

## GENERAL STUDIES : PAPER - I

**भारतीय समाज**

*Urbanization, their problems and their remedies*

**UPSC - CSE में पूछे गए प्रश्न**

- भारत में तीव्र शहरीकरण प्रक्रिया ने जिन विभिन्न सामाजिक समस्याओं को जन्म दिया, उनकी विवेचना कीजिए। UPSC - 2013

*Discussion the various social problems which originated out of the speedy process of urbanization in India.* UPSC - 2013

- पिछले चार दशकों में, भारत के भीतर और भारत के बाहर श्रमिक प्रवसन की प्रवृत्तियों में परिवर्तनों पर चर्चा कीजिये। UPSC - 2015

*Discuss the changes in the trends of labour migration within and outside India in the last four decades.* UPSC - 2015

- भारत में नगरीय जीवन की गुणता की संक्षिप्त पृष्ठभूमि के साथ, 'स्मार्ट नगर कार्यक्रम' के उद्देश्य और रणनीति बताइए। UPSC - 2016

*With a brief background of quality of urban life in India, introduce the objectives and strategy of the 'Smart City Programme'.* UPSC - 2016

4. 'स्मार्ट शहरों' से क्या तात्पर्य है? भारत के शहरी विकास में इनकी प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए। क्या इससे ग्रामीण तथा शहरी भेदभाव में बढ़ोत्तरी होगी? पी.यू.आर.ए. एवं आर.यू.आर.बी.ए.एन. मिशन के संदर्भ में 'स्मार्ट गाँव' के लिए तर्क प्रस्तुत कीजिए? (GS Paper-III: 200/12.5/2016)

   *What are 'Smart Cities? Examine their relevance for urban development in India. Will it increase rural-urban differences? Give arguments for Smart Villages' in the light of PURA and RURBAN Mission.* (GS Paper-III: 200/12.5/2016)

- उपभोक्ता संस्कृति के विशेष परिप्रेक्ष्य में नव मध्यवर्ग के उभार से टीयर-2 शहरों का विकास किस तरह सम्बन्धित है? UPSC - 2022

*How is the growth of Tier-2 cities related to the rise of a new middle class with an emphasis on the culture of consumption?* UPSC - 2022

- क्या भारतीय महानगरों में शहरीकरण गरीबों को और भी अधिक पृथक्करण और / या हाशिए पर ले जाता है? UPSC - 2023

*Does urbanization lead to more segregation and / or marginalization of poor in Indian metropolises?* UPSC - 2023

## UP PCS – में पूछे गए प्रश्न

1. शहरी समस्याओं के समाधान की विवेचना कीजिए।

   *Discuss the solution to urban problems.* 125/8/2018

2. स्मार्ट सिटी विकास हेतु मूल अधोसंरचनात्मक तत्व बताए।

   *Enumerate the core infrastructure elements for Smart City development.* 200/12/2018

3. मलिन बस्तियों में मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विकास हेतु नगर नियोजन की भूमिका पर एक टिप्पणी लिखिए। 125/8/2019

*Write a note on the role of urban planning for development of basic civic amenities in slums.* 125/8/2019

4. नगरीयकरण को परिभाषित कीजिए। बढ़ते नगरीयकरण से उत्पन्न समस्याओं की विवेचना कीजिए। 200/12/2019

*Define urbanization. Discuss the problems caused by fast pace of urbanization.* 200/12/2019

5. 'स्मार्ट सिटी मिशन' क्या है? पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस योजना हेतु चुने गये नगरों की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 125/8/2020

*What is 'Smart City Mission'? Discuss the main characteristics of cities of Eastern Uttar Pradesh selected under this scheme.* 125/8/2020

6. क्या आप सहमत हैं कि शहरीकरण और मलिन बस्तियाँ अपृथक्करणीय है? व्याख्या कीजिए। 125/8/2021

*Do you agree that urbanization and slums are inseparable? Explain.* 125/8/2021

7. भारत में नगरीकरण की प्रवृत्ति का परीक्षण कीजिए तथा तीव्र गति से बढ़ते नगरीकरण से उत्पन्न सामाजिक परिणामों की व्याख्या कीजिए। 200/12/2021

*Examine the nature of Urbanization in India and discuss the social implication of fast pace of urbanization.* 200/12/2021



Dr. S. S. Pandey

**नगरीकरण पारिभाषिक शब्दावली**

***Urbanization Terminology***

**पारिभाषिक शब्दावली**

***Glossary of Terms***

- **बस्ती (Habitation)** – व्यक्तियों का रहने का सबसे छोटा समूह
- **गाँव (Village)** – बस्ती से थोड़ा बड़ा आवासीय क्षेत्र जिसका विशिष्ट नाम एवं एक भौगोलिक क्षेत्र होता है और जिसकी विशिष्ट संस्कृति ग्रामीण होती है।
- **कस्बा (Town)** – 5000 से अधिक और एक लाख से कम जनसंख्या वाला आवासीय समूह जो गाँव एवं नगर की मुख्य विशेषताएँ (मुख्यतः नगर) रखता है और जहाँ गैर कृषि कार्य की प्रधानता होती है

- नगर (City)– एक लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाला आवासीय समूह जहाँ अत्यधिक जनघनत्व एवं 2/3 लोग गैर-कृषि कार्य में संलग्न होते हैं तथा नगरीय जीवन शैली की प्रधानता होती है
- नगरीयता / नगरवाद (Urbanism)– नगरीय जीवन शैली को नगरीयता कहते हैं

- महानगर (Metropolis)– 10 लाख और उससे अधिक जनसंख्या वाला नगर
- मेगा नगर (Mega City)– एक करोड़ एवं उससे अधिक जनसंख्या वाला नगर। (भारत में 2011 की जनगणना में इसको अपनाया गया है और भारत में तीन मेगा नगर– मुम्बई, दिल्ली एवं कोलकाता है)

- नगरीय समूहन (Urban Agglomeration)– समीप स्थित दो या दो से अधिक मुख्यतः विधिक नगरों का समूह (भारत में पहली बार इसे 1971 की जनगणना में अपनाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसकी जगह मेट्रोपोलिस शब्द का प्रयोग किया जाता है)

- उपनगर (Suburbs)– किसी मुख्य नगर की परिधि पर स्थित अपेक्षाकृत छोटा नगर जो अपनी आर्थिक आवश्यकता के लिए मुख्य नगर पर निर्भर होता है तथा उसकी अपनी पृथक विधिक पहचान होती है
- Satellite Town– मुख्य नगर से थोड़ी दूर पर अवस्थित कस्बा, जिस पर मुख्य नगर कच्चे माल हेतु निर्भर होता है और जो द्वितीयक उत्पाद हेतु मुख्य नगर पर निर्भर होता है

- नगरीय गाँव (Urban Village)– नगरों के बीच में स्थित वह गाँव जो नगरों से घिरा होते हुए भी अपनी ग्रामीण विशेषताओं को बनाए रखता है
- नगरीय वृद्धि (Urban Growth)– किसी देश में नगरों की संख्या या नगरीय जनसंख्या में प्रतिशत वृद्धि (मुख्यतः मात्रात्मक)

- नगरीय विकास (Urban Development)– नगरीय जनसंख्या के जीवन स्तर में सुधार (मुख्यतः गुणात्मक)
- नगरीकरण (Urbanisation)– मुख्यतः नगरीय जीवन शैली का फैलाव/प्रसार (मुख्यतः गुणात्मक व मात्रात्मक)

- उप नगरीकरण (Sub-Urbanisation)– नगर से बाहर परिधि विस्तार के कारण छोटे कस्बे के विकास की प्रक्रिया या उपनगर के विकास (Development of Suburbia) की प्रक्रिया
- अतिनगरीकरण (Over-Urbanisation)– किसी भी नगर की आर्थिक क्षमता एवं संरचनात्मक सुविधाओं की क्षमता (Economic Capacity and Capacity of Structural Facilities) से ज्यादा जनसंख्या का नगर में आ जाना

- नगरीय उपान्त (Urban Sprawl)– नगर में अत्यधिक जनसंख्या के बोझ को कम करने के लिए, नगर के परिधि क्षेत्र में अनियोजित (Unplanned) तरीके से जनसंख्या के फैलाव की प्रक्रिया

- **प्रति नगरीकरण (Counter Urbanisation)**– अति नगरीकरण की स्थिति में, नगर के ऊपर जनसंख्या के भार को कम करने के लिए, नियोजित तरिके से नगर के परिधि क्षेत्रों में नगरीय जनसंख्या के विकेन्द्रीकरण (Decentralization) की प्रक्रिया

- **जीवन निर्वाह नगरीकरण (Substantial Urbanisation)**– नगरीकरण का वह रूप, जहाँ नगर में रहते हुए भी नगरीय सुख सुविधाओं से वंचित लोगों की संख्या में वृद्धि होती है।

- **ग्राम-नगरीकरण (Rurbanisation)**– नगर की परिधि विस्तार का वह रूप, जहाँ नगर के परिधि पर अवस्थित गाँव में नगरीय संस्कृति का विस्तार होने से गाँव में, नगर की मिश्रित विशेषता वाले क्षेत्र का विस्तार होता है।

- **नगरीय पुनर्चक्रण (Urban Recycling)**– नगर के पुराने जर्जर मकान/स्लम को तोड़कर बड़े-बड़े मॉल, फ्लैट, अपार्टमेंट बनाने की प्रक्रिया (Urban Recycling) या इन जगहों से गरीबों को हटाकर उच्च मध्यम वर्गीय लोगों को लाने की प्रक्रिया (Gentrification)

- **नगरीय नियोजन (Urban Planing)**– नगर के विकास / निर्माण हेतु नियोजन
- **Master Plan**– नगर में विस्तार एवं सुधार हेतु तैयार किए गए प्रस्तावों की रूप रेखा